प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का किया शुभारंभ : कहा– वोकल फॉर लोकल का प्रदेश मॉडल आत्मनिर्भर भारत की बनेगा आधारशिला।**
2. **ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने लखनऊ में इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला का किया दौरा : बच्चों से किया संवाद, साझा किए अंतरिक्ष के अनुभव।**
3. **प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा है हर तालिका तीज का पर्व : कल से शुरु हो रहे 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए तैयारियां तेज, पूजा पंडालों में किए गए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।** **और**
4. **प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : गंगा, यमुना, और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर, वाराणसी में बाढ़ को लेकर विशेष सतर्कता।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। श्री योगी ने**

बताया कि प्रदेश सरकार ने एमएसएमई यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उद्यमियों को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल यह मॉडल आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेगा। बाइट......

*विकसित भारत की संकल्पना के साथ हर व्यक्ति हर संस्था भी अपना योगदान दे सकें उसके लिए आवश्यक है कि हर युवा के हाथ को उसकी योग्यता के अनुसार कार्य मिल जाए। यह सब संभव हो पाया है आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में और इसी के लिए प्रधानमंत्री जी ने कहा वोकल फॉर लोकल वह यूनिट जो लोकल स्तर पर प्रोडक्शन कर रही है और जिसमें लोकल स्तर पर नौजवानों को उसकी योग्यता के अनुसार कार्य भी मिल रहा है। ये मॉडल आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेगी और आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश तैयार करना होगा और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश ही एक विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला बनेगी।*

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राज्यपाल ने मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी को गांव, किसान, युवाओं तक पहुंचाना होगा। महामहिम ने कहा कि विश्वविद्यालय की तरफ से एक या दो गांवों में एआई लैब बनाई जाए, जिससे ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चे भी तकनीक से प्रशिक्षित हो सकें। बाइट...

*एक मेरी रिक्वेस्ट है यूनिवर्सिटी को की जब एआई के माध्यम से आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग इतना बड़ा उपयोग हो रहा है।बच्चे भी सीख रहे*

*हैं कहीं ना कहीं तो ये यूनिवर्सिटी कोई एक गाँव में या दो गाँव में ऐसी लैब बनाए जो अभी से थोड़ा थोड़ा ज्ञान एआई के बारे में उसको हो और हमारे जो छात्र है जो इसमें एक्सपर्ट है वे लोग वहाँ जाकर उसको सिखाए अभी।*

————————

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने आज लखनऊ क डालीगंज स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला का अवलोकन किया। प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शुभांशु ने नक्षत्र शाला में शो देखने आए बच्चों से संवाद किया और उन्हें भविष्य में अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यही बच्चे कल देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाएंगे।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल भी पहुंचे। श्री शुक्ला ने यहां बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। बाइट.....

*बहुत अच्छा लग रहा है वापस आके और स्पेशली अच्छा लग रहा है की जिन टीचर से हम लोग डरते थे आज उनको डांस करते हुए देख रहा हूँ तो बहुत मज़ा आ रहा है ये देख के समय बदल गया है तो बहुत बहुत ही अच्छी फीलिंग है बहुत फैमिलियर है यही क्लास रूम से जिसमें मैंने पढ़ाई की है और वापस आके बहुत अच्छा लग रहा है फील्स लाइक कमिंग बैक होम थैंक यू।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालयों द्वारा सुनवाई पूरी होने के बावजूद फैसला सुनाने में लंबी देरी करने पर कडा रूख अपनाया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद तीन महीने तक उसे नहीं सुनाए जाने पर रजिस्ट्रार जनरल को मुकदमे को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास लाना चाहिए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वर्ष 2008 से लंबित आपराधिक याचिका से जुडो विशेष अवकाश याचिका का निपटारा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर हैरानी व्यक्त की।

—————————

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी आज लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय जाकर कांग्रेस के नेताओं से चुनाव को लेकर चर्चा की। श्री रेड्डी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी मुलाकात की।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वाराणसी में आज सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ तीज का व्रत रखकर भगवान शिव औऱ मां पार्वती की पूजा अर्चना की। अयोध्या में हरतालिका तीज के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाई।

——————————

कल से शुरु हो रहे दस दिवसीय गणेश उत्सव के लिए प्रदेश में जगह–जगह तैयारियां की जा रही हैं। लखनऊ में कई स्थानों पर सामूहिक पूजा पंडाल लगाए गए हैं। पूजा पंडालों के आस पास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*डालीगंज के झूलेलाल पार्क में पंद्रह हज़ार वर्ग फीट में वातानुकूलित और अग्निरोधी पंडाल अक्षरधाम मंदिर के रूप में तैयार किया गया है। चौक के पूजा पंडाल में 7 फीट ऊंची गणेश जी की इकोफ्रेंडली मैटीरियल से बनी मूर्ति स्थापित की गई है। निशातगंज का पंडाल शिवलिंग के आकार का है। इन पंडालों में भक्तों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

——————————

अयोध्या में 20 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव और कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज एक बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार का दीपोत्सव पिछले वर्षों की तुलना में और भी भव्य तथा ऐतिहासिक होगा। बाइट....

*अयोध्या में दीपोत्सव जो है साल में सबसे मुख्य इवेंट होता है काफी मेजर इवेंट्स होते हैं भरत मिलाप का इवेंट होता है उसके बाद पूरे शहर भर में अलग–अलग जितने हमारे मंदिर है वहाँ पर दीपोत्सव होता है राम की पैड़ी पर मुख्य आयोजन होगा ड्रोन शो होगा और लाइट एंड साउंड शो होता है साथ ही साथ फायरवर्क शो भी होता है तो ये जो आइटम्स पहले से रहे हैं उसके ऊपर इस बार और बेहतर करने का फोकस रहेगा।*

——————————

रेलवे ने आगामी त्योहारों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए झांसी से लालकुआं के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 23 सितम्बर से 3 नवम्बर तक कुल सात फेरों के लिए हर मंगलवार को झांसी से और 24 सितम्बर से 4 नवम्बर तक हर बुधवार को लालकुआं से संचालित होगी।

——————————

माउंटेन मुकुट को फतेह करने के संकल्प के साथ जम्मू और कश्मीर 12वीं बटालियन के जवान आज बरेली से रवाना हुए। पर्वतारोहियों के इस जत्थे को लेफ्टिनेंट जनरल डी. जी. मिश्रा ने फ्लैग–ऑफ किया। इस अभियान

में सेना की विशेष टीम हिस्सा ले रही है। अभियान का नेतृत्व कर रहे मेजर दीपेंद्र नांगल ने कहा कि यह अभियान जवानों में नया जोश भरेगा और उनमें नयी ऊर्जा उत्पन्न करेगा। बाइट....

*इसका सिग्निफिकेंस ये है कि आर्मी की जो टॉग ट्रेनिंग,हार्ड ट्रेनिंग जिस ट्रेनिंग से हम गुजरते हैं वो ये दिखाता है कि हमारे लिए कोई भी चैलेंज कितना भी बड़ा पीक हो जैसे ये पीक सात हज़ार पैंतालीस मीटर की हाइट पे है जो की तेईस हज़ार फीट होता है वो हमारे लिए मुश्किल नहीं है। जिस तरीके हमारी ट्रेनिंग और हमारा जज्बा जो है इन सभी ऊंचाइयों से ऊपर है।*

——————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा, औरैया, काल्पी में यमुना, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने के कारण सभी घाट जलमग्न हो गए हैं। वाराणसी में भी गंगा उफान पर है। इसके साथ ही सहायक नदी वरुणा का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बाढ़ राहत शिविरों का दौरा किया। बाढ़ को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इटावा में यमुना और चंबल का जल स्तर बढ़ गया है।

(समाप्त)